India to donate their kidneys in foreign countries and foreigners coming to India for the purpose of replacement of their diseased Kidneys;

(b) if so, the number of such cases detected during the years 1993-94 and 1994-95 as on date;

(c) whether the present Organ Transplantation Act is enough to check this traffic; and

(d) if not, what other steps Government contemplate to check this?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C. SILVERA): (a) No such information is available with the Government.

(b) Does not arise.

(c) Yes, Sir.

(d) Does not arise.

देश में मृत्यु दर

2675. श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सामाजिक औषधि और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा देश में राज्य-वार महिलाओं के खराब स्वास्थ्य, स्तन कैंसर के मामलों की संख्या तथा मृत्यु दर के बारे में कोई अध्ययन किया गया था;

(ख) यदि हां, तो इस अध्ययन के क्या परिणाम निकले; और

(ग) इस अध्ययन को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घाटोवार): (क) और (ख) सामाजिक औषध और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्नातकोत्तर छात्रों द्वारा अध्ययन किए गए हैं। महिलाओं के खराब स्वास्थ्य के कारणों और परिवार नियोजन कार्यक्रम की स्थिति के बारे में अध्ययन विशिष्ट जिलों के ब्लाकों और गांवों तक ही सीमित थे। इसके परिणामों को देश के लिए सामान्यीकृत नहीं बनाया जा सकता। इन अध्ययनों को अभी प्रकाशित नहीं किया गया है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

CGHS Pool Quarters

2676. SHRI RAJ NATH SINGH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the number of CGHS pool quarters, type-wise in Delhi;

(b) whether Government are aware that most of these quarters are fully sub-let; if so, whether any enquiry has been made in this regard and if so, the details thereof;

(c) the number of persons found guilty, type-wise together with the action taken thereon during the last three years, till-date; and

(d) whether any monitoring cell is proposed to be set up to prevent the recurrence of such cases?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C. SILVERA): (a) There are 68 quarters in Type-A, 79 in Type-B, 16 in Type-C 83 in Type-D and 13 in Type-E under CGHS pool of Delhi.

(b) and (c) The complaints against sub-letting of quarters were received during the last three years. On enquiry, the same were found to be false.

(d) No, Sir.

देश में केन्द्रीय औषधि भण्डार

2677. श्री दिलीप सिंह जूदेव: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में किन-किन स्थानों में केन्द्रीय औषध भण्डार स्थापित किए गए हैं;

(ख) वर्ष 1991-92 से 1993-94 के दौरान इन औषध भण्डारों द्वारा कितने मूल्य की औषधियों की खरीद की गई तथा केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों को की गई आपूर्ति का ब्यौरा क्या है;

(ग) किन-किन राज्य सरकारों ने कब से इन